>

Title: Need to provide irrigation facility in Dewas Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh -laid.

**श्री महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास):** मेरे लोक सभा क्षेत्र की 80 प्रतिशत आबादी कृषि एवं कृषि कार्य पर निर्भर है, परन्तु मेरे लोक सभा क्षेत्र के पचास प्रतिशत हिस्से में, किसानों के पास सिंचाई हेतु वर्षा के अतिरिक्त कोई साधन नहीं है । यदि मेरे लोक सभा क्षेत्र में सर्वे करवाकर बांध व नहर का निर्माण करवाया जाए तो कृषकों को राहत मिलेगी, जिससे वह उपरोक्त नहर व बांध के पानी से उन्नत कृषि कर सकेंगे ।